# International Women's Day

08.03.2023

आज दिनांक 30 मार्च 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना की महाविद्यालय इकाई द्वारा 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उपर्युक्त कार्यक्रम में बीज-वक्तव्य देते हुए कार्यक्रम पदा. प्रो. प्रमोद यादव ने सिमोन-द-बोउवा के 'द सेकेंड सेक्स' की समसामयिक व्याख्या की। उन्होंने बताया कि औरत पैदा नहीं होती अपितु बनाई जाती है। आगे यह भी कि जिस दिन महिलाएँ अपने श्रम का हिसाब माँगेंगी उस दिन दुनिया की सबसे बड़ी चोरी पकड़ी जायेगी।

उनके बाद वरीय शिक्षक डा. आनन्दी कुमार ने स्त्री के सामाजिक दायित्वों व सरोकारों पर प्रकाश डालते हुए उसे परिवार और समाज की धुरी बताया। डा. मुरलीधर प्रसाद सिंह ने कहा कि भले ही स्त्री और पुरुष शारीरिक बनावट में कुछ अन्तर हों, पर उनकी आत्मा एक है। और प्रेम, दया, सहानुभूति, सहचर्य की भावना भी दोनों में समानुपाती होती है।

डा. अभिमन्यु कुमार ने कहा कि भारतीय और पाश्चात्य साहित्य में नारियों का योगदान पुरुषों से कमतर नहीं है। साहित्य के इतर भी अन्य क्षेत्रों में महिलाएँ अपनी

Teacher's Signature ..................

उपस्थिति दर्ज करा रही हैं।

अपने अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार ने कहा कि स्त्री को सशक्त किये बगैर देश और समाज सशक्त नहीं बन सकता। केवल महिला दिवस पर महिलाओं की बात करके अपने कर्तव्यों की इति श्री समझने की चूक करने की बजाय हमें अपने घर, परिवार और कार्य-स्थल पर भी महिलाओं को उचित सम्मान और अवसर उपलब्ध कराना होगा, तभी महिला दिवस की सार्थकता सिद्ध होगी।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवम शिक्षकेतर कर्मियों के अलावा निम्न लिखित Volenteers की उचित सहभागिता रही :→

1. Rachna RaJ — Rachna Raj
2. Akhilesh kumar — अखिलेश कुमार
3. Sneha kumari — Sneha Kumari

प्रमोद यादव 08.03.23
P.O., N.S.S.
B.N.M. College, Barhiya

A. [signature]
Principal
B.N.M. College, Barhiya


VHP